तापमान
अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



11 रजौली केंद्र में धान खरीदी शुरू, किसानों में उत्साह



12 जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा और वीर ...








## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री साव करेंगे वाटर फिल्टर प्लांट का भूमि पूजन व वाजपेयी की प्रतिमा का लोकार्पण

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा में आज रविवार को दोपहर 1 बजे लोकार्पण व भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के



उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री माननीय अरुण साव होंगे, जिसमें वाटर फिल्टर प्लांट का भूमि पूजन व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का लोकार्पण किया जाएगा। विकास एवं संस्कार दोनों दृष्टि से ये कार्यक्रम नगर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा नें उक्त कार्यक्रम में भाजपा संगठन के विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि जिसमें प्रदेश पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य,जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य,मंडल के सभी पदाधिकारी, शेष पेज 11 पर

### धान खरीदी से किसानों में उत्साह, सांसद ने किया स्वागत

# सोसाइटियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कुसुमकसा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य का आज डोंडी विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा के धान उपार्जन केंद्र शिकारीटोला में भोजराज नाग सांसद कांकेर लोकसभा के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र सिन्हा, व विशिष्ट अतिथि आशा आर्य जनपद सदस्य, सरपंचगण अंजू कोसमा (धुरवाटोला), वेदबाई पिस्दा (कुसुमकसा), हलधर गोरे (अरमुरकसा), गौतम राणा (रजही),राजकुमारी देहारी ( भर्रीटोला 43) ,कंवलसिंह कुलार्य (गिधाली), यशराम राणा(चिपरा) थे।

छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत पूजा कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग ने उपार्जन केंद्र कुसुमकसा में उपस्थित किसानों का फूलमाला व गमछा पहनाकर स्वागत किया योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा व प्राधिकृत अध्यक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा ने स्वागत भाषण दिया।



#### सांसद नाग सहित अतिथियों ने उपार्जन केंद्र परिसर में पौधारोपण किए



भोजराज नाग ने कहा की भारतीय जनता पार्टी की छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव की सरकार द्वारा 15 नवंबर से छत्तीसगढ़ के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का शुभारंभ किया है। जहा प्रति एकड़ में 21 क्विंटल धान व प्रति क्विंटल 3100/ रुपए की दर से खरीदी कर रही है, आज धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया है, बारदाना पर्याप्त मात्रा में उधर रखा हुआ है, विधिवत शेष पेज 11 पर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने पत्रकारों को बताया की बालोद जिला के 59 उपार्जन केन्द्रों में 359 किसानों का टोकन कटा है, आंदोलनकारी कर्मचारी एस्मा लागू करने के बाद भी काम पर नहीं लौटने पर उन पर शेष पेज 11 पर

#### 52 उपार्जन केंद्रों में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी प्रारंभ

**बालोद।** शनिवार को अवकाश रहने के बाद भी शासन की घोषणा के अनुसार जिले में धान खरीदी का औवचारिक शुरूवात हो गया है जिसके तहत जिले के 52 खरीदी केन्द्रो में पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। जिले में 144 धान खरीदी केन्द्र है जिसमे से शनिवार को 52 धान खरीदी केन्द्रो में धान खरीदी की औपचारिक शुरूवात की गई है। जहां इन 52 धान खरीदी केन्द्रो में 310 किसान जो पहले टोकन कटवा चुके थे उन्होने धान विक्रय किया। सांसद भोजाराज नाग ने शिकारीटोला पहुंचकर धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किए। समिति प्रबंधको एवं कर्मचारियो के हड़ताल का असर शनिवार को कम ही नजर आया क्योकि प्रशासन ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं पटवारियो को समिति प्रबंधक के रूप में नामित किया है एवं समिति के प्राधिकृत अधिकारियो को पहले ही स्थानीय स्तर पर ऑपेटर की व्यवस्था करने कहा गया था जिसके चलते समितियो ने ऑपरेटर की व्यवस्था भी कर ली थी जिससे खरीदी प्रभावित नही हुई। जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिले के कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही धान खरीदी से जुड़े अधिकारी कर्मचारियो के लिए ऐस्मा लगा दिया तथा तथा धान खरीदी मे कोताही बरतने पर कठोर कार्यवाही करने शेष पेज 11 पर

## सर्व आदिवासी समाज ने 22 सूत्रीय मांगों पर एक दिनी धरना दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

- खनिज न्यास मद में अनियमितताओं की जांच रिपोर्ट दो वर्ष से लंबित
- समाज ने कहा—मांगों का त्वरित निराकरण करने की मांग की

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक डोंडी के तत्त्वाधान में 22 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर सोमवार को डोंडी के मथाई चौक में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश स्तरीय 13 बिंदुओं के साथ स्थानीय स्तर के 22 बिंदुओं को लेकर समाज ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुरेश साहू को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में समाज ने आरोप लगाया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक खनिज न्यास मद से डोंडी विकासखंड में विभिन्न कार्यों हेतु आबंटित राशि का शासन के मापदंडों को दरकिनार कर बंदरबांट किया गया। समाज ने बताया कि इस संबंध में 29 जुलाई 2023 को भी जांच की मांग का ज्ञापन सौंपा गया था, किंतु आज तक जांच प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया।समाज ने खनिज न्यास मद से संचालित कई प्रमुख परियोजनाओं की तथ्यात्मक जांच की मांग की है। इनमें ग्राम पंचायत सिंघोला के सुकडीगहन में बांस हस्तकला प्रशिक्षण केंद्र में व्यय किए गए 49 लाख रुपये, ग्राम पंचायत बम्हनी व कुंजकन्हार में बांस हस्तशिल्प प्रशिक्षण, भैसबोड़, सलाइटोला व ठेमां बुजुर्ग में ड्रैगन फ्रूट विकास प्रशिक्षण एवं कीट प्रदाय पर शेष पेज 11 पर








प्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री
श्री अरुण साव जी
के आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन...
करोड़ो रुपये की सौगात देने पर
बहुत बहुत आभार


भारतरत्न श्रद्धेय अटल जी की
प्रतिमा अनावरण एवं
नालंदा परिसर के भूमि पूजन कार्यक्रम
में पधारे समस्त अतिथियों का
स्वागत-वंदन-अभिनंदन
सौजन्य - संतोष चौधरी
भाजपा नेता बालोद

## खबर संक्षेप

### 13 जुआरी पकड़े गए 3.33 लाख नकद जब्त

**बालोद।** बालोद पुलिस ने जुआ खेलते हुए 13 जुआरियो को गिरफ्तार किया है। जहां जुआरियो से 3,33,720 रूपये जप्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परेंगुड़ा गुलाब ढ़ाबा के पीछे बगीता खेत मे आम जगह मे जुआ खेलने की सूचना प्राप्त होने पर थाना बालोद के द्वारा रेड कार्यवाही की गई। जिसमे 13 जुआरियो को पकड़ा गया। जिनसे मौके पर 3,33.720 रूपये नगदी, ताश के 52 पत्ते, चार्जिग बल्ब, एक नग लाल रंग की दरी जप्त की गई। जुआरियो का कृत्य धारा 3 (2) सार्वजनिक छ.ग. जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 का पाए जाने से थाना बालोद मे अपराध पंजीबद्व कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियो में मुकेश जैन 49 वर्ष, दीपक धनंजय 27 वर्ष, समीर खान 34 वर्ष, रोशन जैन 33 वर्ष, अंकित सोमानी 38 वर्ष, रंजीत कविराज 38 वर्ष, दिनेश टण्डन 39 वर्ष, सुप्रीत शर्मा 33 वर्ष, फरीद कत्याल 33 वर्ष, योगेश जैन 35 वर्ष, प्रवीण माहेश्वरी 34 वर्ष, गुलाम सरवर तिगाला 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

# रजौली केंद्र में धान खरीदी शुरू, किसानों में उत्साह





**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद**

15 नवम्बर से जिला सहित पूरे प्रदेश में धान खरीदी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो गई है। जिले के गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम रजौली में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा धान खरीदी शुरू होने से किसानों में खुशी और उत्साह का माहौल है। लंबे समय से अपनी उपज को बेचने का इंतजार कर रहे अन्नदाताओं के लिए यह एक बड़ी राहत है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस दौरान कहा कि सरकार किसानों के हितों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीद कर रही है जो हर्ष की बात है। खरीदी केंद्र में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी किसानों के धान का एक–एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। उन्होंने केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। शुभारंभ समारोह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कई किसानों से व्यक्तिगत रूप से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन प्रशासन किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पहले ही दिन कई किसानों ने केंद्र पर आकर अपना धान बेचा जिससे खरीदी की शुरुआत सकारात्मक रही। इस दौरान प्रमुख रूप से प्राधिकृत अध्यक्ष तमेश्वरी साहू समिति प्रबंधक एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित थे।

## कंवर सोसायटी में 13 किसानों के टोकन काटकर धान खरीदी की शुरुआत की

*गुरूर। कंवर सोसायटी में 13 किसानों की टोकन काटने के बाद धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। 15 नवम्बर को धान खरीदी का कंवर सोसायटी में 13 किसानों ने धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य्य बालोद तेज राम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, सरपंच बालचंद टंडन, प्राधिकृत सोसायटी अध्यक्ष छगन लाल साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष घना राम जेठमल, छगन साहू, त्रिलोकी गजपाल, धन्नूलाल टंडन, बिसम्भर साहू, भगवानी साहू, रूपेन्द्र साहू, प्रेमानंद साहू सहित किसान उपस्थित थे।*

# धान खरीदी में अव्यवस्था विधायक संगीता ने फटे बोरों और समितियों पर उठाए सवाल



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर**

सरकार ने मात्र 52 समितियो में खरीदी प्रारंभ कर 91 समितियो के किसानों के साथ अन्याय किया है। आज किसानों के लिए उत्सव का दिन था लेकिन सरकार की बदईतजामी के कारण ग्रामीण समिति के किसानों को इस फल से वंचित कर दिया गया। सरकार को चाहिए था कि सभी 144 समिति केन्द्रों में आज धान खरीदी प्रारंभ करना था। सरकार सोमवार से सभी समितियों में किसानों से धान खरीदी प्रारंभ करे।

▪ **संगीता सिन्हा ने तुरंत सभी समितियों में खरीदी शुरू करने की मांग की**

उक्त बाते संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कही। संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया है कि धान खरीदी केन्द्रो मे अव्यवस्था का आलम है जो बारदाने समितियो मे भेजा गया है वे कटे फटे है जिसमे धान खरीदी की जा रही है, संगीता सिन्हा ने खरीदी केन्द्र में बोरो की स्थिति दिखाते हुए बताया कि ऐसे बोरो में धान खरीदी कर सरकार अन्न दाता किसान की मेहनत का अपमान कर रही है।

# दामिनी का नेशनल फुटबॉल टीम में चयन



**डोंडी।** डोंडी की बेटी दामिनी यादव का चयन एनटीपीसी कोरबा में आयोजित जूनियर ओपन गर्ल्स फुटबॉल के लिए छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। 18 नवंबर से आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में होने वाले राष्ट्रीय टूर्नामेंट में दामिनी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। कैम्प में 30 खिलाड़ियों में से 22 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें दामिनी शामिल हैं।गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी, जिला बालोद का एकमात्र क्लब है, जो 2011 से निशुल्क कोचिंग दे रहा है। 2023 से क्लब की खिलाड़ी ओपन नेशनल ट्रायल में चयनित होकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर डोंडी का नाम रोशन कर रही हैं। अब तक 5-8 खिलाड़ी नेशनल खिलाड़ी बन चुकी हैं।दामिनी के चयन पर माता-पिता, जिला फुटबॉल संघ, जिला खेल विभाग और नगर के खेल प्रेमियों ने उसे बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लूनिया ,पदाधिकारी, सचिव त्रिनाथ नायडू , जिला खेल विभाग से स. जिला क्रीड़ा अधिकारी मेहरा, जिला क्रीड़ा समन्वयक डोंडी मंजुला, पांडा, नीलम फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष मोंहंतीन चौरका समस्त सदस्य, संरक्षक हेमंत तन्ना, नगर के खेल प्रेमी क्लब के कोच यादव,रवि कांत श्रवण साहू, नीलेश गौर, नीरज ,शेखर यादव चिंता, किरण, सोनम, टीनु में हर्ष जाहीर किया है।

## एनडीए की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, मनाया जश्न



**गुरूर।** भारत में हुए बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में नगर पंचायत पलारी में आतिशबाजी एवं हर्ष के साथ जश्न मनाया गया। जिसमे भारतीय जनता पार्टी पलारी के संयोजक नंदकुमार साहू, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष गंगबेर, आशा जयमाला, बूथ प्रभारी रूपराम साहू, हेमलाल साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष त्रिभुवन सोनबेर, चंपेश गुरूपंच, नवीन चंडक, भोला वाईका, ज्ञानप्रकाश साहू, देवकरण निषाद, राकेश साहू, राजेश सोनबेर, छगन सोनगुर्द, पतिराम साहू, वेदप्रकाश साहू, उदराज साहू, दयाराम यादव, हेमंत साहू, धनेंद्र साहू, सेवा राम साहू एवं समस्त भाजपा कार्यकत्रागण उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### सोसाइटियों में समर्थन...

एस्मा के प्रावधनों के तहत कार्यवाही की जा रही है। पंचायत सचिवों को शामिल किया जा रहा है और उनको आज दोपहर 2 बजे ट्रेनिंग दी जाएगी, काफी जगहों पर समिति प्रबंधक व डेटा इंट्री आपरेटर से चर्चा हुई है। अधिकतम केंद्रों में वापस लौट रहे हैं और जो काम पर नहीं लौटेंगे उन पर नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की बात कही। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत सुनील चंद्रवंशी ,सुरेश साहू अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी, सौरभ लूनिया जिला महामंत्री भाजपा बालोद ,नगर पंचायत चिखलाकसा अध्यक्ष कुंती देवागन, उपाध्यक्ष राजू रावटे ,मंडल महा मंत्री पोषण भूअर्य, मितेन्द्र वैस्नव मंडल मंत्री संगीता साहू संजय बैस मंडल उपाध्यक्ष शिवराम सिंन्द्रामे हितेश साहू लता पैथोड़े संतोश जैन, मोती लाला कुचेरिया, हितेश गुप्ता कमल कृष्णकांत साहू बलवंत साहू संदीप साहू तुलसी सिन्हा टिकेंद्र साहू देवेंद्र साहू गोवर्धन छगन लाला लीला घर साहू मंडल कोषाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम, गुलशन विजय डडसेना सहित भाजपा के कार्यकर्ता व किसान, अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित था।

### सांसद नाग सहित ...

पूजा पाठ व नींबू काटकर शुभारभ किए है कोई दिक्कत नहीं आएगी और कोई दिक्कत आने पर ठीक करने की बात कही। धान उपार्जन केन्द्र शिकारीटोला में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के प्रथम दिवस शुभारंभ पर सांवत राम पिता सहदेव राम साहू ग्राम गिधाली के कृषक ने 46.80 क्विंटल धान बिक्री किया, वही सोमवार 17 नवंबर को 17 किसानों का धान बिक्री हेतु टोकन कटने की जानकारी मिली है।

### 52 उपार्जन केंद्रों...

की चेतावनी दी गई थी। इसके बाद भी समितियो के कम्प्यूटर ऑपरेटर धान खरीदी शुभारंभ के बाद भी हड़ताल से वापस नही आए जिसके कारण स्थानीय स्तर पर कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की जा रही है जिसके साथ ही कई समितियों में स्थानीय कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया है। वही किसानों द्वारा धान बेचने के लिए टोकन कटाने का काम 70 प्रतिशत ऑनलाईन माध्यम से व 30 प्रतिशत समितियों के द्वारा किया जा रहा है। वही जिले में शनिवार को 144 खरीदी केन्द्रों मे से मात्र 52 खरीदी केन्द्रों में धान खरीदा गया वही सोमवार को विधिवत जिले के अन्य बाकी धान खरीदी शुभारंभ के साथ सभी समितियो मे धान खरीदी प्रारंभ हो जाएगी।

### सर्व आदिवासी समाज...

हुए खर्च शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न पंचायतों में स्थापित मशरूम प्रोडक्शन यूनिट, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, कड़कनाथ मुर्गी प्रोडक्शन यूनिट तथा मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण में हुए व्यय की भी जांच की मांग की गई है। समाज ने 1.96 करोड़ की लागत से संचालित सब्जी मसाला विकास प्रशिक्षण तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगाए गए सोलर सिस्टम लाइट की भी विस्तृत जांच कराने की मांग की है। इसके अलावा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का मुख्यालय डोंडी में ही स्थापित किए जाने का भी आग्रह किया गया है। गौरतलब है कि सर्व आदिवासी समाज द्वारा पूर्व में भी जिला खनिज न्यास मद में अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर डोंडी नगर बंद और चक्काजाम किया गया था। उस समय तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी लोहारा की अध्यक्षता में जांच दल का गठन कर 15 दिनों में प्रतिवेदन देने का आश्वासन दिया गया था। किंतु दो वर्ष बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होने से समाज में नाराजगी व्याप्त है। धरना प्रदर्शन में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भगवान सिंह रावटे, ब्लॉक अध्यक्ष रोहित माहला, सुनहेर कोषमा, गंगाराम ठाकुर, समीर ध्रुव, भोला राम नेताम, भिखम भुवार्य, तुलेश्वर हिचामी, बनवाली चिराम, मुकेश पोषर्य, राजेश रावटे, शिव बारला, खिलेंद्र भुवार्य सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री साव...

जिला व जनपद पंचायत सदस्य,नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण,सोसायटी एवं शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी,शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक,बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं बी.एल.ए सहित सभी सम्मानित बंधुओं, बहनों व नगरवासियों से समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।



# जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा और वीर नारायण सिंह को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नगर में आज इतिहास और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा वीर नारायण सिंह चौक में भारत के महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा के तैलचित्र तथा अमर क्रांतिकारी वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस गरिमामय कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग एवं नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने पूजा-अर्चना कर देश के इन वीर सपूतों को स्मरण किया। इस दौरान नगर पालिका के पार्षद



सुरेश जयसवाल, भूपेंद्र श्रीवास, अरुणा रामटेके, मालती निषाद, तरुण साहू, निर्मल पटेल, सहित कई जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू, समेत रमेश गुर्जर, सुरेंद्र बेहरा,महेंद्र कुमार, रमेश मित्तल, समर्थ लखानी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ाया। वहीं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पूरे सम्मान और उत्साह के साथ आयोजन में भागीदारी दी।

जनजातीय परंपराओं, बलिदानों और गौरवशाली इतिहास को समर्पित यह आयोजन लोगों के लिए प्रेरणा का क्षण बना और पूरे शहर में उत्साह और गर्व का माहौल देखा गया।

## बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सीएससी को व्हीलचेयर भेंट

**गुरूर।** जननायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर सीएससी गुरूर को व्हीलचेयर भेंट किया गया। विकासखंड गुरुर में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ इकाई गुरूर द्वारा मरीजों की सुविधाओं के लिए व्हील चेयर भेंटकर जन सेवा का परिचय दिया जिनके लिए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती द्वारा आभार व्यक्त कर कहा कि निश्चिंत ही आपके द्वारा भेंट की गई उपहार अस्पताल में आने वाले असहाय लोगों के लिए उपयोगिता साबित होगी आप लोगों के द्वारा किया गया यह कार्य अनुकरणीय है। डॉक्टर जीआर रावते द्वारा बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा हम सभी के जननायक थे



जिन्होंने दबे कुचले जनजाति समाज के उत्थान हेतु,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में, आध्यात्मिक नेता एवं अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया वे अल्पायु में ही बहुत सी उपलब्धि हासिल किए। आज भारत सरकार जनजाति मंत्रलय द्वारा जनजाति उत्थान हेतु धरती आबा, जनजाति गौरव दिवस, पीएम जनमत सिकल सेल,ग्राम उत्कर्ष, एकलव्य,आदि कर्म योगी अभियान चलाया जा रहा है जिससे कि पिछड़े हुए जनजाति समुदाय तक योजना का शत प्रतिशत क्रियान्वयन हो सके। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से शासकीय सेवक इकाई गुरूर से उपेंद्र पौसार्य मोहित चुरेंद्र, भागवत प्रसाद ठाकुर, जगदीश ताराम, आईएल ठाकुर, जेएस नेताम, केआर उर्वशा, योगेश ठाकुर, भारद्वाज गंगवंशी, लीना मांडवी प्रशांत ठाकुर, तोमन नागवंशी, रीतू ठाकुर, गरिमा रात्र, सरस्वती कोर्राम, कमलेश्वरी नेताम एवं स्टाफ के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### संभागायुक्त ने राजस्व कार्यालयों व स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया

**बालोद।** दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने 13 नवंबर की शाम बालोद जिले के गुरूर पहुंचकर राजस्व कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने एसडीएम कार्यालय गुरूर, तहसीलदार कार्यालय तथा नायब तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ राजस्व प्रकरणों का अवलोकन किया तथा निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय–सीमा में करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ भतएँ मरीजों से उनके इलाज की सुविधा आदि के संबंध में जानकारी ली तथा उनका हालचाल जाना।

## निधन

### तन्नुराम साहू

**गुरूर।** ग्राम तितुरगहन निवासी



तन्नुराम साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे केशवराम साहू, तामेश्वर साहू के पिता थे।

# शिक्षकों की कमी पर ग्रामीणों का आक्रोश जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिरगा में शिक्षकों की भारी कमी को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन में बैठक कर जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में बताया गया कि शासकीय प्राथमिक शाला तिरगा में कक्षा 1 से 5 तक 86 विद्यार्थी दर्ज हैं, जबकि मात्र 2 शिक्षक पदस्थ हैं। तीन कक्षाएं बिना शिक्षक के संचालित हो रही हैं, जिससे बच्चे भटक रहे हैं और पालक उन्हें अन्य स्कूलों में भेजने मजबूर हो रहे हैं। इसी तरह पूर्व माध्यमिक शाला में गणित शिक्षक का अभाव है। पूर्व पदस्थ शिक्षक सतीश यादव वर्तमान में मंत्री केदार कश्यप के निजी सहायक सचिव होने के कारण विद्यालय में उपलब्ध नहीं हैं। उच्चतर माध्यमिक शाला में इतिहास और विज्ञान विषय के शिक्षक भी नहीं हैं, जिससे शैक्षिक गुणवत्ता गिर रही है। इस दौरान सरपंच घसिया राम देशमुख, जनपद सदस्य ढालेश साहू, भूपेंद्र बेलचंदन, युवराज देशमुख, विधायक प्रतिनिधि टीकू दिल्लीवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे शिक्षा मंत्री से मिलकर आंदोलन करेंगे और जरूरत पड़ने पर स्कूल में ताला लगाने की भी चेतावनी दी।

■ युक्तियुक्तकरण का असर , पालक अपने बच्चों को अन्य स्कूलों में भेजने मजबूर - दामिनी मुकेश साहू

# प्रशिक्षण से गायब 2 ग्रामीण कृषि अधिकारी को कलेक्टर ने किया सस्पेंड

**बालोद।** धान खरीदी के पहले दिन ही धान खरीदी से जुड़े कर्मचारियों पर कार्यवाही कर जिला प्रशासन ने कर्मचारियों को सख्त सदेश दिया है। पहले दिन ही कलेक्टर के निर्देश पर दो कर्मचारियों को निलंबित करने का आदेश जारी हो गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरते जाने के फलस्वरूप जिले के दो ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नवल किशोर साहू एवं रवि वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमल किशोर साहू गुरूर विकासखंड के मुख्यालय कुलिया एवं रवि वर्मा गुण्डरदेही विकासखंड के मुख्यालय ओडारसकरी में पदस्थ है। कलेक्टर ने इन दोनों अधिकारियों को 14 नवंबर को धान खरीदी कार्य हेतु आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने तथा अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप इसके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। ज्ञातव्य हो कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को अतिआवश्यक सेवा में शामिल करते हुए एस्मा लागू किया गया है।

# सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के साथ धान खरीदी शुरू, किसानों में उत्साह

**जामगांव आर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा जामगांव आर के अधीनस्थ सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ 15 नवंबर से हो गया है। पहले दिन समिति जामगांव आर में 3 किसानों से 280 क्विंटल, कुम्हली में 8 किसानों से 575.60 क्विंटल, भरर में 2 किसानों से 170 क्विंटल तथा बटरेल समिति में सर्वाधिक 22 किसानों से 800 क्विंटल धान की खरीदी हुई। कुम्हली समिति में शुभारंभ कार्यक्रम में प्राधिकृत अधिकारी तेजेंद्र पिपरिया, शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार मढ़रिया, पर्यवेक्षक बीरेंद्र देशमुख, समिति प्रबंधक अतुल वर्मा एवं किसान मौजूद रहे। जामगांव आर में प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर, निपानी में बेनीराम साहू, बटरेल में कमलेश साहू तथा भरर में राजेश बंछोर उपस्थित रहे।जामगांव आर में प्राधिकृत अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए तोल केंद्र, गोदाम, पंजीयन जांच, गुणवत्ता परीक्षण व परिवहन की व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित की गई है। खरीदी स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, छाया व विश्राम की सुविधाए सुनिश्चित हैं।कार्यक्रम में पूर्व सरपंच के.एल. साहू, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, जयप्रकाश चंद्राकर, नरेश केला, पूर्णेन्द्र सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद रहे। निपानी समिति में बेनीराम साहू व जनपद सदस्य रवि सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर खरीदी का शुभारंभ किया। यहाँ प्रभारी भूपेंद्र चंद्रवंशी, शाखा प्रबंधक उमकुमार, पर्यवेक्षक बीरेंद्र यदु सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ पहले दिन 800 क्विंटल की खरीदी हुई



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




